(c) The total minimum stock to be maintained by public agencies under the new buffer stocking policy w.e.f. 30-10-98 and stocks available are as under:

Million Tonnes

Date	Rice		Wheat		Total	
	Buffer noms	Stocks with public agencies	Buffer norms	Stocks with public agencies		
1st April	11.80	13.05	4.00	5.08	15.80	18.13
1st July	10.00	12.04	14.30	16.48	24.30	28.52
1st Oct.	6.50	8.96	11.60	15.24	18.10	24.20
1st Jan.	8.40	11.69	8.40	12.70	16.80	24.39

(Source: Min. of Food.)

विदेशी व्यापार का आकलन

642. **श्री राज मोहिन्दर सिंह:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल से दिसंबर तक की अवधि में विदेशी व्यापार का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान देश से कितने मूल्य का निर्यात और आयात किया गया; और

(ग) किन-किन वस्तुओं का कितने-कितने मूल्य का आयात और निर्यात किया गया?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) विदेश व्यापार आकड़ों का संकलन और विश्लेषण नियमित रूप से किया जाता है। वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय से प्राप्त अनन्तिम आकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसम्बर, 1998 के लिए निर्यात और आयात का मूल्य निम्नवत है:—

वर्ष	आयात		निर्यात	
	(रु० करोड़ में)	(मि० डा० में)	(करोड़ रुपए में)	(मि० डालर में)
अप्रैल-दिस०, 98	132447	31583	101850	24287
अप्रैल-दिस०, 97	107523	29485	91192	25007

(ग) निर्यात की मुख्य वस्तुओं के ब्यौरे और कीमत संलग्न सारणी में दी गई है। **(नीचे देखिए)** अन्य जानकारियां डीजीसीआईएण्ड एस के प्रकाश "भारतीय विदेश व्यापार सांख्यिकी" (मुख्य वस्तुएं व देश) 1998 में दी गई हैं, जिसकी प्रतियां संसद पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।

सारणी

प्रमुख वस्तुओं का निर्यातः अप्रैल-नवम्बर, 1998-99

(अमरीकी मिलियन डालर में)

वस्तु	अप्रैल-नवम्बर		प्रतिशत	
	1997-98	1998-99	वृद्धि	भार
1. बागान	562.96	640.03	13.69	2.98
2. कृषि एवं संबद्ध उत्पाद	2496.21	2447.14	—1.97	11.39
3. समुद्री उत्पाद	827.82	710.21	—14.21	3.31
4. अयस्क एवं खनिज	677.46	521.66	—23.00	2.43
5. चर्म एवं विनिर्माण	1022.46	1020.02	—0.24	4.75
6. स्वर्ण एवं आभूषण	3231.26	3722.74	15.21	17.33
7. खेलकूद सामान	54.06	46.86	—13.31	0.22
8. रसायन एवं संबद्ध उत्पाद	2924.01	2582.32	—11.69	12.02
9. इंजीनियरिंग सामान	2806.91	2349.43	—16.30	10.94
10. इलेक्ट्रानिक सामान (हार्डवेयर)	521.97	291.39	—44.17	1.36
11. परियोजना सामान	62.28	29.61	—52.46	0.14
12. वस्त्र	5556.74	5172.75	—6.91	24.09
13. हस्तशिल्प	378.81	445.64	17.64	2.08
14. दरियां	385.87	305.20	—20.90	1.42
15. अपशिष्ट सहित कॉटनयार्न	206.43	38.32	—81.44	0.18
16. पेट्रोलियम उत्पाद	285.67	86.61	—69.68	0.40
17. अवर्गीकृत निर्यात	263.43	1015.67	285.55	4.73

विश्व व्यापार संगठन में दर्ज किए गए वाद

643. **डा० महेश चन्द्र शर्माः** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विश्व व्यापार संगठन के न्यायाधिकरण में किन-किन देशों ने किन-किन देशों के खिलाफ शिकायतें की हैं या वाद दर्ज कराए हैं;

(ख) इन शिकायतों के विषयों तथा विश्व व्यापार संगठन के न्यायाधिकरण में वादों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन शिकायतों या वादों का निपटारा किन-किन देशों के पक्ष में या किन-किन देशों के खिलाफ हुआ?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) डब्ल्यू० टी० ओ० सचिवालय प्रकाशन में यथानिर्दिष्ट 14.1.99 तक की स्थिति विवरण में दर्शायी गई है। **(नीचे देखिए)**

(ग) निपटाए गए लगभग सभी विवादों में वाद कर्त्ता देश जीते हैं और प्रतिवाद देश हारे हैं।

विवरण

विकसित सदस्य देशों द्वारा शिकायतें

(88 मामले/114 अनुरोध)

प्रतिवादी-विकसित

यूएस ऑटोमोबाइल्स (डीएम6) जापान, मदिरा पेय (डीएस8, डीएम10, डीएस11) जापान, टैलकम (डीएस 15) आस्ट्रेलिया सलमोन (डी एस 18, डी एस 21) ईसी हार्मोंस (डी एस 26, डीएस 48) जापान साउण्ड रिकार्डिंग (डी एस 28, डीएस 42 डी एस 18, डीएस 42 कनाडा प्रियाडकलम यूएस (डी एस 31) पूर्तगाल, पटेंट (टीएस 37) यूएस, क्यूबा (हेल्मस बर्टन) एक्ट (डी एस 38 यू एस, हार्मोंस रिटेलिएशन) (डी एस